
हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 मई 2024

11 रैली के माध्यम से आमजन को डेंगू से बचाव के प्रति किया जागरूक



12 मोबाइल टॉवर के उपकरण चोरी करने वाले ....





# आॅटो चालकों की मनमानी से लोगों को याद आ रही सिटी बस सर्विस

## लोगों का रुझान न होने के कारण ही सिटी बस सेवा बंद की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

सेक्टर-9 बाईपास से पुराने बस अड्डे तक आने-जाने में सवारियों से कुछ ऑटो, ई-रिक्शा चालकों द्वारा मनमाना कराया वसूला जा रहा है। इस मनमानी से तंग आकर लोगों को अब सिटी बस सर्विस की याद आ रही है। हालांकि लोगों का रुझान न होने के कारण ही वह सेवा बंद की गई थी।

- वर्ष 2022 में नया बस अड्डा चालू हुआ था
- शहर से दूर होने के कारण लोगों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की ओर से नए से पुराने अड्डे के लिए बस सेवा शुरू की गई थी

दरअसल, वर्ष 2022 में नया बस अड्डा चालू हुआ था। शहर से दूर होने के कारण लोगों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की ओर से नए से पुराने अड्डे के लिए बस सेवा शुरू की गई थी। बस का किराया भी महज पांच रुपये था। कुछ महीने तक बस चली लेकिन बाद में सेवा बंद हो गई। इस पर अधिकारियों ने हवाला दिया कि यात्रियों का रुझान कम था और कई बार तो बस को खाली चक्कर काटने पड़ रहे थे। इसलिए सेवा बंद करनी पड़ी। सिटी बस सेवा चालू न होने के कारण लोग ई-रिक्शा, थ्री-व्हीलर आदि से अड्डे की ओर आते-जाते हैं। कोई सवारी वाहन नए से पुराने के अड्डे के लिए 10 रुपये लेता है तो कोई-कोई 20 रुपये की डिमांड कर लेता है। अब गर्मी के दिनों में दोपहर के वक्त मनमाने किराये लेने की शिकायतें अधिक सामने आ रही हैं।

लाइनपार के निवासी हिमांशु का कहना है कि पहले लाइनपार से पुराने अड्डे तक जाने के लिए 15 रुपये देने पड़ते हैं। इसके बाद यहां से नए अड्डे के लिए ऑटो पकड़ना पड़ता है। इतना किराया तो गुरुग्राम जाने वाली बस का नहीं होता, जितना यहां अड्डे तक पहुंचने में लग जाता है। शहर के निवासी नवीन ने कहा कि पुराने से नए अड्डे की दूरी लगभग ढाई किलोमीटर है। इतनी सी दूरी के लिए कई 20 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। वैसे शहर में कुछ वर्ष पहले सिटी बस सर्विस के लिए बस क्यू शेल्टर बनवाए गए थे। वे शेल्टर क्षतिग्रस्त हो गए लेकिन बस सर्विस चालू नहीं हुई। नए से पुराने अड्डे के लिए जो बस चली थी, वह भी लंबे समय से बंद है। उबरते बहादुरगढ़ शहर में लोगों को कम से कम यह सुविधा तो मिलनी ही चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से भी सिटी बस सर्विस जरूरी है।


बहादुरगढ़। शहर की सड़कों पर दौड़ते थ्री-व्हीलर। फोटो : हरिभूमि

### डिमांड आने पर फिर से सेवा चालू कर दी जाएगी

लोगों की सुविधा को देखते हुए नए से पुराने अड्डे तक सिटी बस चलाई गई थी। लेकिन सवारियों का रिस्पांस नहीं मिला। जिस कारण सेवाएं वापस लेनी पड़ी। यदि लोगों की डिमांड आती है तो फिर से सेवा चालू कर दी जाएगी।
-सतीश कुमार, एसएस,

# छात्रों ने रंगोली से दिया जागरुकता का संदेश

## मेरा वोट मेरा अधिकार के तहत किया जागरूक


बहादुरगढ़। रंगोली के साथ विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

चुनाव के मद्देनजर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी सिलसिले में वीरवार को रेलवे रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने रंगोली बनाकर मेरा वोट मेरा अधिकार के तहत लोगों को जागरूक किया।

- सकारात्मक सरकार चुनने के लिए मत का प्रयोग करें

प्रिंसिपल सुरेश चंद्र सैनी ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की अपली की। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने मत का प्रयोग सकारात्मक सरकार चुनने के लिए करें, जिससे समाज और देश का भला हो। इतिहास प्रवक्ता और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राकेश वत्स ने कहा कि सरकार के मतदाता जागरूक अभियान की श्रृंखला में रंगों से भरी हुई रंगोली बनाकर यह संदेश दिया है कि हमें अपने मत का का प्रयोग धर्म, जाति, क्षेत्र आदि भावनाओं से ऊपर उठकर करना है। चंदन, हार्दिक, साक्षी रितु, दीपांशा, चारू आदि ने रंगोली बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर स्कूल के गणित प्रवक्ता अनिल अहलावत, दिनेश भारद्वाज, पवन काजला, इतिहास प्रवक्ता सुशीला, हिंदी प्रवक्ता जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**बहादुरगढ़।** परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त पॉजिशन हासिल करने वाले विद्यार्थियों को गांव सांखोल की संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इनको प्रोत्साहित करना बहुत जरूरी है। इसलिए समिति द्वारा हर साल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। इस बार भी गांव के सरकारी स्कूल के पहली से 12वीं कक्षा तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भारत भाग्य विधाता सम्मान दिया जाएगा। शनिवार की सुबह गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यह आयोजन होगा।

### शिकायतों पर हो रही त्वरित कार्रवाई

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी कर दिया गया है। लघु सचिवालय में टोल फ्री नंबर के लिए विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर मतदाता सूची, मतदान केंद्र संबंधित जानकारी प्राप्त करने के अलावा चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत भी दर्ज कर सकता है।

### ट्रेन में बीएसएफ जवान का सामान चोरी

**रेवाड़ी।** बुधवार की रात भटिंडा से रेवाड़ी ट्रेन में आ रहे एक बीएसएफ जवान का सामान ट्रेन में चोरी हो गया। जीआरपी को दर्ज शिकायत में भटेड़ा निवासी पुनीत यादव ने बताया कि वह 15 मई को अवकाश लेने के बाद ट्रेन से घर आ रहा था। भटिंडा से ट्रेन में सवार होने के बाद वह ऊपर की सीट पर बैठा हुआ था। जाटूसाना स्टेशन पर ट्रेन आते ही वह सीट से नीचे उतरकर जूते पहनने लग गया। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन, हेल्थ कार्ड व 700 रुपये चोरी हो गए।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**रेवाड़ी।** पाली रेलवे फाटक के निकट वीरवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेने के बाद सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

# डीपीएस में रोबोटिक्स कक्षाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

दिल्ली पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ ने छात्रों को भविष्य के लिए कौशल के महत्व को पहचानते हुए अपने पाठ्यक्रम में अत्याधुनिक तकनीक को शामिल करने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। इस पहल के हिस्से के रूप में स्कूल ने एआई रोबोटिक्स कक्षाएं शुरू की हैं, जो छात्रों को इस रोमांचक क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती हैं।

- एआई रोबोटिक्स कक्षाएं छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी

दिल्ली पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में एआई रोबोटिक्स कक्षाएं छात्रों को रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई हैं। पाठ्यक्रम में कई विषयों को शामिल किया गया है, छात्रों को प्रोग्रामिंग, एल्गोरिदम और डेटा विश्लेषण सहित रोबोटिक्स और एआई अवधारणाओं की ठोस समझ प्राप्त हुई। छात्रों ने रोबोट बनाने, प्रोग्रामिंग और संचालन के साथ-साथ एआई टूल और प्लेटफॉर्म के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव विकसित किया। स्कूल निदेशक प्रिया डागर ने बताया कि विद्यालय में एआई रोबोटिक्स कक्षाएं छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। रोबोटिक्स और एआई में व्यापक और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करके स्कूल छात्रों को तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में सफल होने के लिए सशक्त बना रहा है।


बहादुरगढ़। रोबोटिक्स क्लॉस में तकनीक के सहारे पढ़ती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# सैनीपुरा में धरनास्थल पर पहुंची चेयरपर्सन

## निर्माणाधीन नाले का काम अवरुद्ध होने पर लोग धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

शहर के टीकरी गोंडा पर निर्माणाधीन नाले का काम अवरुद्ध होने के बाद स्थानीय निवासियों ने धरना शुरू कर दिया है। इसका संज्ञान लेते हुए नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी वीरवार को धरनास्थल पर पहुंची। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मामले में बातचीत भी की। उनके अनुसार सैनीपुरा व आसपास की कॉलोनी के निवासियों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

बता दें कि शहर की विभिन्न का स्टॉर्म वॉटर सैनीपुरा के रास्ते ड्रेन में जाता है। लेकिन सेक्टर-9 और सैनीपुरा के जंक्शन पर लो-लाइंग एरिया होने के कारण हमेशा जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इससे निजात दिलाने के लिए करीब 82 लाख रुपए की धनराशि से नगर परिषद द्वारा नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन हशविप्रा द्वारा यह निर्माण रुकवा दिया गया है। इसके अलावा टीकरी गोंडा नामक राजस्व के रास्ते को बंद करने का भी स्थानीय निवासी विरोध कर रहे हैं। वीरवार को यहां पहुंची चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि निर्माणाधीन नाले का निर्माण पूरा करवाया जाएगा। सरकारी रास्ते को भी बंद नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए उन्होंने हशविप्रा के कार्यकारी अभियंता पवन कुमार से बातचीत की। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि योगेश धनखड़, महिपाल राठी, रविंद्र सैनी, मनोज शर्मा, रमेश राठी, मनमोहित गुप्ता व सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। स्थानीय निवासियों के साथ जलभराव का निरीक्षण करती चेयरपर्सन। फोटो : हरिभूमि

# बालौर मंदिर में हुआ भंडारा

बहादुरगढ़। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव बालौर स्थित श्री गौरीशंकर एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर में शुद्ध देसी घी के भंडारे का आयोजन किया गया। वीरवार को हुए भंडारे में भारतीय शैली कुश्ती संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं इनेलो पार्षद जितेंद्र राठी ने भी शिरकत की। भंडारे में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। भंडारे में असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जितेंद्र राठी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों में सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। आयोजकों ने जितेंद्र राठी, रामनिवास सैनी व पार्षद मोहित राठी को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ रोहित राठी, मनोज राठी, प्रमोद कौशिक, विनय राणा व बंटी रंगा आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। जितेंद्र राठी को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

# पर्यवेक्षक ने किया क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेडी ने वीरवार को गांव मांडोठी, आसौदा सिवान व टोडरान में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गांव टांडाहेड़ी में ग्रामीणों से बातचीत की। इस अवसर पर डीएसपी राजेंद्र सिंह, डीआरओ रोहतक कनब सिंह लाकड़ा व तहसीलदार रविंद्र शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे।

सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेडी ने गांव आसौदा सिवान, टोडरान, मांडोठी आदि में बनाए गए पोलिंग बूथों का भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिस द्वारा लगाए गए नाकों का निरीक्षण भी किया और सुरक्षा संबंधी तैयारियों बारे चर्चा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से लाइसेंसी शस्त्रों की जानकारी ली। अब तक शस्त्र जमा नहीं कराने वालों के लाइसेंस रद करने की बात कही। गांव मांडोठी में शराब ठेके पर स्टॉक रजिस्टर से उपलब्ध शराब का मिलान किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शराब ठेकों के स्टॉक का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निर्देश दिए कि बूथ पर सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए। बूथ पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और रैंप बनवाने के निर्देश दिए। बुजुर्गों और दिव्यांगों की सहायता के लिए संबंधित बीएलओ की देखरेख में वॉलिंटियर मौजूद रहने चाहिएं। इस मौके पर बीडीपीओ उमेद सिंह, डीआईपीआरओ कुलदीप सिंह बांगड़, एसएचओ सुनील कुमार व प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। गांवों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश देते डॉ. एन प्रभाकर रेडी। फोटो : हरिभूमि

# गर्मी बढ़ी तो एनसीआर माइनर में मिलने लगे शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

गर्मी बढ़ने के साथ ही एनसीआर माइनर में शव मिलने के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। अब रोहद के निकट एनसीआर माइनर से एक और शव बरामद हुआ है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना बुधवार देर शाम की है। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव कुछ दिन पुराना प्रतीत होता है। पुलिस ने बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में शव रखवा दिया। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि संभवतः नहाते वक्त डूबकर युवक की मौत की आशंका जताई जा रही है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास चौकी थानों से संपर्क किया जा रहा है। परिजनों के मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बता दें कि एनसीआर माइनर कई जिले के काफी गांवों से होकर गुजर रही है। इसकी गहराई अधिक है और पानी का बहाव भी तेज रहता है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग इसमें नहाने लगते हैं। इस कारण कई बार दुर्घटनाएं हो जाती है। हर साल इस माइनर से काफी शव बरामद होते हैं।

## बूथों को शेल्फी लेने लायक बनाया जाएगा, फूल व गुब्बारों से सजावट होगी

# चुनाव में बनेंगे पिंक, यूथ, पीडब्ल्यूडी और मॉडल बूथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

चिलचिलाती धूप के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाना निर्वाचन आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। मतदाताओं को रिझाने के लिए आयोग द्वारा हर विधानसभा में एक यूथ, एक पिंक, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी) व आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां पर चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार सारी तैयारियां पूरी की जाएंगी। इन बूथों को शेल्फी लेने लायक बनाया जाएगा। फूल व गुब्बारों से सजावट होगी।

- जसौरखेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 9 को युवा मतदान केंद्र बनाया गया

जी हां, इन विशेष मतदान केंद्रों के मुख्य द्वार पर जहां बैनर लगाया जाएगा, वहीं उन्हें सजाया व संवारा जाएगा। दरअसल, युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए बहादुरगढ़ के गांव जसौरखेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 9 को युवा मतदान केंद्र बनाया गया है। यहां पर सभी मतदानकर्मी 30 वर्ष से कम आयु के होंगे। जबकि बहादुरगढ़ के बिरला ओपन माइंड स्कूल में बनाए गए बूथ संख्या 125 को पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी) बूथ बनाया गया है। यहां पर सभी मतदानकर्मी दिव्यांग ही होंगे। एसआर सेंच्युरी स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 117 को इस बार भी पिंक मतदान केंद्र बनाया गया है.। वहीं बीएसएम स्कूल स्थित मतदान केंद्र संख्या 56 को मॉडल यानी आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह सब प्रबंध किया है। यहां सुविधाओं और सहूलियत का ध्यान दिया जाएगा। वहीं मतदान कार्यों में ड्यूटी देने वाले कर्मियों और सुरक्षा जवानों के स्वास्थ का भी ध्यान रखा जाएगा।


बहादुरगढ़। पिछले लोकसभा चुनाव में गुब्बारों से सजाए गए पिंक बूथ का फाइल फोटो।



बहादुरगढ़। ऑडिट संपन्न होने के बाद टीम के साथ कॉलेज स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

# गर्ल्स कॉलेज में संपन्न हुआ ऑडिट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

वीरवार को बहादुरगढ़ के राजकीय महिला महाविद्यालय में अकेडमिक एंड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट संपन्न हुआ। टीम ने कॉलेज की लाइब्रेरी, लैब समेत सभी सैल आदि विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रोफेसर डॉ. सेवा सिह दहिया ने ऑडिट टीम की अध्यक्षता की। इसमें प्रशासनिक एक्सपर्ट के तौर पर वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा, इंडस्ट्रियल एक्सपर्ट के रूप में सूरजभान जिंदल और अलुमनाई के तौर पर स्नेहा शामिल रही। कॉलेज प्राचार्या अलका गुलाटी, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश कुमार, डॉ. शिल्पा व सगीता गोयल आदि ने ऑडिट टीम का स्वागत किया। डॉ. सुनीता छिल्लर ने बताया कि ऑडिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पिंरसिपल ने ऑडिट टीम के सभी सदस्यों, कॉलेज के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टॉफ का आभार जताया।

- टीम ने कॉलेज की लाइब्रेरी, लैब समेत सभी सैल आदि विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में भाई को पीटकर घायल किया

**बावल।** धारण में जमीनी विवाद के चलते भाई के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। पुलिस बयान में राजेश ने बताया कि उसके पिता ने सभी भाइयों को जमीन बांटकर दे रखी है। जब वह जमीन की जुताई करने के लिए खेत में गया तो उसके भाई महेश ने अपनी पत्नी व बेटे साथ उससे मारपीट की। इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कुतुबपुर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के बयान पर थाना रामपुरा पुलिस ने 7 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने कुतुबपुर निवासी गौरव, हेमंत व रामपुरा मोड़ निवासी गुलशन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, उन्हें न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### कार की टक्कर लगने से तीन लोग घायल

**कुंड।** पाडला के निकट सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को एक कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पाडला निवासी महेश्र अजय व नांवा निवासी राजेंद्र पाडला की फिरनी के पास सर्विस रोड के किनारे खड़े आपास में बात कर रहे थे। इसी दौरान नारनौल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने तीनों को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के मामले में दंपती काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने गांव बटौड़ी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 27 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने बटौड़ी निवासी अनिल और उसकी पत्नी सरोज को गिरफ्तार कर लिया। तफतीश में शामिल करने के बाद दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

## जिले के 25 स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

# रैली के माध्यम से आमजन को डेंगू से बचाव के प्रति किया जागरूक


झज्जर। पोस्टर मेकिंग के विजेता विद्यार्थियों के साथ सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। डेंगू बचाव को लेकर बनाए गए पंपलेट दिखाते चिकित्सक एवं विद्यार्थी।

■ डेंगू विषय पर 57 स्कूलों में पोस्टर मेकिंग व 46 स्कूलों में निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विश्व डेंगू दिवस के उपलक्ष्य में डेंगू के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में जागरूकता बढ़ाने और इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरुकता अभियान शुरू किया गया। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि विभागीय टीमों द्वारा 90 से अधिक स्कूलों में पहुंच कर जागरुकता निकाली गई। जिले के 25 स्कूलों में रैली निकाली गई। डेंगू विषय पर 57 स्कूलों में पोस्टर मेकिंग व 46 स्कूलों में निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी के दौरान पहुंचने वाले लोगों व मरीजों को भी ग्रुप मीटिंग के माध्यम से जागरुक किया गया। सीएमओ द्वारा शहर के एचआर ग्रीन फील्ड में डेंगू बचाव के संदेश पर आधारित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

विद्यार्थियों को मच्छर का लार्वा तथा लार्वा खाने वाली गंबुजिया मछली भी दिखाई गई ताकि वे अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरुक करें। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में नोडल ऑफिसर डॉक्टर निहारिका, स्कूल प्राचार्य एमएस गुलिया, स्वास्थ्य सुपरवाइजर अशोक, धीरज, कृष्ण, सावन आदि बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### डेंगू बुखार के लक्षण व बचाव से कराया अवगत

**झज्जर।** नेशनल डेंगू-डे के उपलक्ष्य में वीरवार को प्राइमरी हेल्थ सेंटर दुजाना में स्कूली बच्चों द्वारा लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरुक किया गया। सेंटर इंचार्ज एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप वत्स ने डेंगू बुखार से बचाव, लक्षण व इलाज बारे विस्तार से जानकारी दी। हेल्थ इंस्पेक्टर रविंद्र मलिक ने बताया कि दुजाना पीएचसी के अंतर्गत आने वाले सभी नौ गांवों के स्कूलों, गली, मोहल्लों में डेंगू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को प्रति सप्ताह रविवार को ड्राई डे मनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर डेंटल सर्जन गुलशन, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बरखा ,एमपीएचडब्ल्यू नरेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट अजय कादियान, लेबोरेटरी टेक्नीशियन सुदेश, स्टॉफ नर्स सुमन, शीतल, सुनीता कुमारी, अशोक, प्रियंका, नसीब, सुदेश व पवन कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# मतदान के लिए 18 से 20 तक चलेगा कैंपेन


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को आम मतदान होने से पहले जिला झज्जर के विशेष मतदाताओं के लिए वोटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला झज्जर में 110 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्होंने फार्म 12 डी भरकर अपने निवास पर ही वोट डालने का विकल्प चुना है। इन मतदाताओं के वोट डलवाने के लिए 18 से 20 मई तक तीन दिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पोलिंग पार्टी के कर्मचारी इनके निवास स्थान पर जाएंगे और बैलेट पेपर से इनके वोट डलवाएंगे। मतदान की प्रक्रिया को गोपनीय रखा जाएगा। इसकी जानकारी सभी उम्मीदवारों को भी दी जाएगी। कोई भी उम्मीदवार स्वयं या अपना चुनाव एजेंट भेजकर इस मतदान प्रक्रिया को दूर से देख सकता है।

### जिले में 168 शहरी व 628 ग्रामीण पोलिंग स्टेशन, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि जिले में 808054 कुल मतदाता हैं जिनमें से 379782 महिला व 428259 पुरुष मतदाता हैं।



जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 17861 है। ये मतदाता लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में 797 पोलिंग बूथों पर मतदान होगा जिनमें से 168 शहरी पोलिंग बूथ हैं व 628 ग्रामीण। इसके अलावा बहादुरगढ़ में एक 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण 146(क) अतिरिक्त बूथ स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। इस एप पर मंगलवार तक जिले में 158 शिकायतें आई थी।



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### होनहार विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**झज्जर।** आरपीएस पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 92 विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीभगवान, स्कूल अध्यक्षा सुमन यादव, निदेशक हंसराज, प्राचार्या संजना कटोच, उपप्राचार्य डॉक्टर सज्जन सिंह, समन्वयक ओमबीर यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# जिले में 18756 वयस्कों ने बीसीजी का टीका लगवाकर बढ़ाई रोग प्रतिरोधक क्षमता

■ स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में 18,756 वयस्कों ने बीसीजी का टीका लगवाकर अपनी क्षयरोग की प्रतिरोधक क्षमता बढ़वाई। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि बीती बीस फरवरी को जिले में वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई थी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी को लेकर पहले चरण में प्रदेश के झज्जर, सोनीपत, अंबाला, भिवानी, हिसार, जींद, कैथल, नूंह, पंचकुला, रोहतक व सिरसा में बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान मिलेवैज्ञानिक अध्ययन को ध्यान में रखकर टीबी मुक्त भारत की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले टीबी रोकने के लिए केवल जन्म से एक वर्ष तक के बच्चों को टीका लगता था। बीसीजी का टीका 14 साल तक असरदार होता है। इसीलिए अब उन सभी लोगों को यह टीका लगाया जाएगा, टीबी होने का खतरा है।



झज्जर। फरवरी माह में शुरू किए गए बीसीजी टीकाकरण अभियान का फाइल फोटो।

### टीबी बीमारी के लक्षण

दो सप्ताह से ज्यादा खांसी रहना, रात को सोते समय व ठंड में भी पसीना आना, बुखार आना, थकावट होना, वजन कम होना सांस लेने में दिक्कत होना आदि टीबी के लक्षणों में शामिल हैं।

# वलनरेबल और क्रिटिकल बूथों पर तैनात होंगे माइक्रो ऑब्जर्वर


झज्जर। रिहर्सल के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी 25 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों की मॉनिटरिंग में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका होगी। जिले में सभी माइक्रो ऑब्जर्वर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें और पूरी सतर्कता व निष्पक्षता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने संवाद भवन में माइक्रो ऑब्जर्वर की रिहर्सल के दौरान संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति वलनरेबल और क्रिटिकल बूथों पर की गई है। ऐसे में इन अधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करना होगा। प्रत्येक अधिकारी को चुनाव समाप्ति के बाद माइक्रो ऑब्जर्वर्स को 16 प्वाइंट की रिपोर्ट सब्मिट करनी होगी। सभी अधिकारी मतदान से एक दिन पूर्व अपने निर्धारित मतदान केंद्रों की लोकेशन पर अवश्य दौरा कर लें।

# उत्कृष्ट परिणाम पर हर्ष जताया



बहादुरगढ़। अपने शिक्षकों के साथ बेहतर परिणाम लाने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ 17 विद्यार्थियों ने परीक्षा इनमें से छह विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनाई

पिछले दिनों जारी हुए एचबीएसई के परीक्षा परिणाम में रोहद स्थित श्री राम आदर्श पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन सराहनीय रहा। स्कूल के 17 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से छह विद्यार्थियों ने मेरिट में जगह बनाई। जबकि आठ ने प्रथम तो तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की। रामभतेरी, सिद्धांत, जाहन्वी, अनिकेत, अमन और तनिष ने मेरिट सूची में स्थान पाया है। स्कूल निदेशक जसवीर सिंह और मुख्य अध्यापक जितेंद्र सहित तमाम शिक्षकों ने बेहतर परिणाम आने पर बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया का डेमो किया



झज्जर। मतदान प्रक्रिया के डेमो में मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए स्कूल में वीरवार को यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा मतदान प्रक्रिया का डेमो करके दिखाया गया। अध्यापिका मोना व सविता के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने कहा कि बच्चों द्वारा लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया है। इस मौके पर स्कूल मैनेजर केएम डागर, संचालक जगपाल, जयदेव दहिया, अनीता व नीलम ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### शादी के कार्ड की तरह छपे कार्ड पर लिखा- हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर आना..



**झज्जर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां जारी हैं। इस बार मतदाताओं को मतदान के प्रति रिझाने के लिए अनूठे कदम उठाते हुए आकर्षित किया जा रहा है। जिले में बीएलओ के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह की तरफ से मतदाताओं को मतदान के लिए निमंत्रण पत्र भी वितरण किया जाएगा। बीएलओ वोटर इन्फार्मेशन स्लिप के वितरण के साथ ही इस कार्ड का वितरण भी करेंगे। नायब तहसीलदार (इलेक्शन) सुरेंद्र कुमार ने बताया कि निमंत्रण पत्र पर एक तरफ वोटर जागरूकता से जुड़ी सामग्री प्रकाशित है। कार्ड पर चुनाव से संबंधित विभिन्न एप के बारे में बताया गया है।

#### लूट के आरोपियों से प्रोडक्शन वारंट पर पूछताछ

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने 9 मई को हुई लूट के मामले में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने इस मामले में जींद के उचाना निवासी असलम व हिसार निवासी जुगलनाथ की भूमिका पाई थी। दोनों आरोपी किसी अन्य केस में जेल में बंद थे। उन्हें कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

**सूचना**

मैं, जयभगवान पुत्र चंदराम निवासी गांव उखलचाना कोट, तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र औमबीर उर्फ झम्मन तथा उसकी पत्नी संतोष दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र औमबीर उर्फ झम्मन तथा पुत्रवधु संतोष को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उपरोक्त दोनों के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कथा** हरित ने श्रद्धालुओं को सीता प्रकाट्य दिवस की शुभकामनाएं दी

# बाबा प्रसाद गिरी तुम हो सिद्धश्री, जग ने जाना तेरी चौखट पर झुकता जमाना

■ भजन गाकर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के सिद्ध बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में श्रीखेड़ापति रामायण मंडल द्वारा चलाई जा रही श्रीरामचरितमानस के प्रसंग को आगे बढ़ते हुए रामायण पाठ वाचक सूबे सिंह हरित ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने अपने सभी साथियों को स्नान करवाया। उन्हें सुंदर आभूषण और वस्त्र पहनाए। सबसे पहले भरत ने अंगद जी को वस्त्र और आभूषण पहनाए। उसके उपरांत प्रभु राम ने सभी को अपने हाथों से वस्त्र आभूषण भेंट किए। इसके उपरांत गुरु वशिष्ठ ने प्रभु श्रीराम को आसन पर विराजमान करके राजतिलक करते हुए अयोध्या का राज उन्हें समर्पित किया। हरित ने श्रद्धालुओं को सीता प्रकाट्य दिवस की शुभकामनाएं दीं। कथा के दौरान रजनीश हरित ने बाबा प्रसादगिरी तुम हो सिद्धश्री, जग ने जाना तेरी चौखट पर झुकता जमाना..। मुकुल शर्मा ने तेरा सजा दिया दरबार बजरंगी देखो तुम आकर के.., बलवंत कौशिक ने दुनिया के पालनहार वन में फिरते मारे मारे.., दशरथ के राज दुलार वन में फिर ते मारे मारे.. भजन गाकर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर लाला ताराचंद जिंदल, रजनीश हरित, मुकुल शर्मा, सोनू, उपेंद्र सोनी, विपिन राज वशिष्ठ, दिनेश सोनी, श्रीभगवान शर्मा, बलवंत कौशिक, रतन लाल कौशिक, उमा शंकर वशिष्ठ, संजय परुथी, श्रवण शर्मा, संजय मक्कड़, ललित सेन, राजबाला, सीमा, संतरा, इशिका, प्राची, प्रीत, महेश, दीपक शर्मा, अनीता शर्मा, कमलेश, अनीता सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे।


झज्जर। श्रीरामचरित मानस पाठ करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

खबर संक्षेप

## सरसों की बोरियां चोरी करने वाला गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा सरसों की बोरियां चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी मातनहेल प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सचिन निवासी बिरोहड़ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में पहचान संजय निवासी मातनहेल जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के कब्जे से चोरी की हुई सरसों की छह बोरियां बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## निधि पब्लिक स्कूल में आत्मरक्षा शिविर 19 को

**बहादुरगढ़।** सनातनी रक्षा दल द्वारा आगामी 19 मई को निजामपुर रोड स्थित निधि पब्लिक स्कूल में आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। दल के अध्यक्ष नागेंद्र लाकड़ा ने कहा कि आज की परिस्थितियों को देखते हुए बच्चों को, विशेषकर बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए पारंगत होना चाहिए। इसलिए सनातनी रक्षा दल की ओर से कैंप लगाकर बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अभिभावक भी अपने बच्चों को इसके लिए प्रोत्साहित करें।

## घुटना रिप्लेसमेंट जागरूकता शिविर 19 को


**बहादुरगढ़।** शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में रविवार 19 मई को घुटना रिप्लेसमेंट जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने कहा कि ओपीडी में आने वाले ज्यादातर बुजुर्ग घुटनों में दर्द की शिकायत करते है। इसे ध्यान में रखते हुए अस्पताल के हड्डी रोग विभाग की ओर से घुटना रिप्लेसमेंट जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय दुबे कैंप में लोगों की जहांच करेंगे।

# बहादुरगढ़ की अंधेरी गलियों को चार हजार स्ट्रीट लाइटें लगने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पिछले साल दीपावली से पहले शहर में 4 हजार नई लाइटें लगाने का नगर परिषद का दावा होली बीतने के दो महीने बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि ये लाइटें नगर परिषद कार्यालय में पहुंच चुकी है। लेकिन इंस्टॉलेशन का वर्क ऑर्डर अलॉट नहीं होने के कारण ये खंभों पर नहीं लग पाई थी। इसी कारण अब तक नगर की अंधेरी गलियों को स्ट्रीट लाइटें लगने का इंतजार है। विदित है कि नप इन लाइटों की खरीद पर एक करोड़ 34 लाख 65 हजार 272 रुपए खर्च किए हैं और इन्हें इंस्टॉल करने पर करीब 45 लाख रुपए का खर्च आएगा।

दरअसल, शहर की विभिन्न सड़कों व गलियों में स्ट्रीट लाइट के अभाव में अंधेरा पसरा रहता है। असंख्य खंभे बिना स्ट्रीट लाइटों के व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रहे हैं। हालांकि कई दिनों पहले ही सूर्या रोशनी लिमिटेड द्वारा बहादुरगढ़ नगर परिषद को 4 हजार लाइटों की आपूर्ति मिल चुकी है। इसके उपरांत नगर परिषद ने इन लाइटों की इंस्टॉलेशन के लिए करीब 45 लाख रुपए का टेंडर लगाया था। इसमें कई किलोमीटर तार, पैनल, क्लैंप, बैड स्विच आदि के साथ इंस्टॉलेशन की लेबर शामिल हैं। सबसे कम रेट देने वाली एजेंसी ने पहले एचएसआर से 10 फीसद अधिक रेट भरे थे। इसके बाद नप अधिकारियों ने नेगोशिएशन की और करीब 6 प्रतिशत अबोव रेट पर काम अलॉट हो चुका है। उम्मीद है कि एक-दो दिन में नई स्ट्रीट लाइटें लगने का काम शुरू हो जाएगा।



- एक करोड़ 35 लाख में खरीदी गई हैं लाइटें और इंस्टॉलेशन पर खर्च होंगे 45 लाख रुपये

**बहादुरगढ़।** बिना स्ट्रीट लाइट के लाइनपार की गली में खड़ा एक बिजली का खंभा। फोटो : हरिभूमि

### निदेशालय ने दी थी मंजूरी

3 मई 2023 को हरियाणा के सप्लाई डिस्पोजल महानिदेशक ने स्ट्रीट लाइटों की खरीद रेट तय किए थे। प्रदेश के 9 जिलों में बजाज इलेक्ट्रिकल्स और 13 जिलों में सूर्या रोशनी लिमिटेड की लाइटें खरीदने की स्वीकृति दी गई थी। 12 मई को शहरी स्थानीय निकाय के निदेशक ने बहादुरगढ़ नप को 9412 लाइटें खरीदने की अनुमति दी गई थी। जिसके आधार पर नप ने 6 नवंबर को 4 हजार लाइटों की खरीद के लिए सूर्या रोशनी लिमिटेड को सप्लाई ऑर्डर जारी किया था। कंपनी इन लाइटों की आपूर्ति कर चुकी है।

### ऐसे होगी लाइटों की खरीद

| क्षमता | संख्या | रेट | कीमत |
|---|---|---|---|
| 20 वॉट | 1000 | 1144.84 | 11,44,840/- |
| 36 वॉट | 1250 | 2209.31 | 27,61,637.50/- |
| 45 वॉट | 250 | 2694.41 | 6,73,302.50/- |
| 60 वॉट | 500 | 3714.36 | 18,57,180/- |
| 72 वॉट | 500 | 4286.76 | 21,43,380/- |
| 120 वॉट | 200 | 7424.08 | 14,84,816/- |
| 150 वॉट | 150 | 9077.74 | 13,61,661/- |
| 200 वॉट | 150 | 13587 | 30,38,155/- |

### टेंडर की सभी औपचारिकताएं पूरी

*सूर्या कंपनी से चार हजार नई स्ट्रीट लाइटों की आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है। इन लाइटों को लगाने के लिए टेंडर की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। एजेंसी द्वारा भरे गए रेट कम करवाने के बाद वर्क अलॉट किया जा चुका है। उम्मीद है कि एजेंसी एक-दो में आवश्यक सामान की व्यवस्था कर इंस्टॉलेशन का काम शुरू कर देगी। इसके बाद शहर से अंधेरे का खात्मा हो जाएगा।*

*-डालचंद शर्मा, एक्सईएन, नगर परिषद बहादुरगढ़*



## आरोपियों से एक करोड़ से अधिक राशि के उपकरण बरामद

# मोबाइल टॉवर के उपकरण चोरी करने वाले छह सदस्य गिरफ्तार

- आरोपियों ने दो दर्जन से अधिक वारदातों का किया खुलासा
- वारदात के मास्टर माइंड टावर लगाने वाली कंपनी में कर चुके काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नारकोटिक सेल और सीआईए टू बहादुरगढ़ की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सीआईए टू बहादुरगढ़ और नारकोटिक सैल झज्जर की टीम ने रेवाड़ी रोड पर गांव चांदपुर मोड पर नाकाबंदी की गई।

इस दौरान एक गाड़ी को रूकवाकर पूछताछ करते हुए चेक किया गया तो उसमें मोबाइल टावर के चार आरआरयू और चार एंटिंने मिले। जिस पर कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रोहित, कपिल, गौरव तीनों निवासी भाणा ब्राह्मण जिला जींद, भीम उर्फ बंटी निवासी कोयर जिला करनाल, करण निवासी पटियाला पंजाब के तौर पर की गई है।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि उन्होंने पानीपत, असंध, गोहाना, मानेसर, पलवल, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, झज्जर, खेडी डोउला, झाड़ौदा, फतेहाबाद व अन्य जिलों से करीब दो दर्जन से ज्यादा टावरों के उपकरण चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया।

पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पलवल में कबाडी की दुकान पर कार्रवाई करते हुए सोनू निवासी राजीव नगर पलवल को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से सभी छह आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**झज्जर।** पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

**जयपुर में टॉवर लगाने वाली कंपनी में कर चुके काम:** डीसीपी ने बताया कि रोहित और भीम दोनों मौसेरे भाई है और यह दोनों दो-तीन साल पहले जयपुर में टावर लगाने की कंपनी में काम कर चुके हैं। भीम पलवल में टावर लगाता था और बचे हुए सामान को सोनू कबाड़ी को भेज देता था। रोहित ने आईटीआई में वैल्डर का कोर्स कर रखा है। भीम व रोहित चोरी के उपकरणों को बेचते समय बीच में कमीशन लेते थे ये दोनों ही वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड हैं। दोनों आरोपियों को पहले भी टावरों से उपकरण चोरी करते हुए पकड़ा जा चुका है। जिन पर 10-10 मुकद्मे दर्ज हैं। जो पिछले साल 2023 में ही जमानत पर आए हैं और अब वारदातों को अंजाम देने लग गए।

**ये उपकरण किए बरामद:** आरोपियों से अब तक 28 आरआरयू, 10 बीबीयू इन दोनों का काम मोबाइलों को सिग्नल देने का होता है, और 20 एंटीने, तीन मॉड्यूल जिसका काम बैटरी को चार्ज करने का होता है बरामद किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि पकड़े गए पांचों आरोपी आपस में एक दूसरे के रिश्तेदार हैं।

# भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी नशे व अपराध की गर्त में प्रदेश को धकेलाः दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

कांग्रेस के रोहतक लोकसभा प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा के शासन का अंत निश्चित हो गया है। आज हरियाणा के जन-जन की जुबान पर एक ही बात है कि 25 मई भाजपा गई। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी, नशे और अपराध के गर्त में धकेल दिया है। उन्होंने इलाके की मंजूरशुदा परियोजनाओं के प्रदेश से बाहर जाने या ठप होने पर रोष जताते हुए कहा कि आज अगर कांग्रेस सरकार होती तो एम्स-2 और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की तरह बाढसा एम्स के बाकी बचे 10 संस्थान भी तैयार हो चुके होते। इस दौरान विधायक कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने वीरवार को बदली हलके के गांव सिलानी केशो, सिलानी जालिम, सिलाना, सुलोधा, गिजाडोद, रायपुर, किरडोड, दादनपुर, चांदपुर, माछरौली, भटेडा, घाटोली, काहडी, ढाणी सैनियान, खेड़ी सुल्तान, अमादलपुर, खुड्डन, असदपुर खेड़ा, अहरी, कोका, कुलाना, पाटोदा, खेड़ा पाटोदा, लुहारी आदि इलाकों में चुनाव प्रचार किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में बादली, झज्जर, बहादुरगढ़, महम, कोसली, रोहतक, कलानौर, सांपला समेत 17 शहरों में बाइपास बनवाए और छुछकवास, मातन, सुबाना और बेरी का बाइपास एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मंजूर करा दिया था। लेकिन 10 साल में बीजेपी सरकार 4 मंजूरशुदा बाइपास भी नहीं बनवा पाई।



**झज्जर।** जनसभा को सम्बोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा।

## मतदान से 48 घंटे पहले से बल्क एसएमएस पर रहेगा प्रतिबंध

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान प्रत्याशी द्वारा प्रचार के लिए भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। मतदान से 48 घंटे पहले तक की अवधि में राजनीतिक प्रकृति के बल्क एसएमएस भेजने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगी। प्रचार अवधि के दौरान चुनाव प्रचार के लिए बल्क में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ दिया जाएगा।

## दौड़ लगाने के लिए गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**झज्जर।** शहरी क्षेत्र में दौड़ लगाने के लिए खेल स्टेडियम गया युवक घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा इस संबंध में जहांगीरपुर गांव के दो युवकों पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप भी लगाया गया है। झज्जर शहर निवासी बंटी पुत्र रामपाल ने बताया कि उसका पुत्र विनय राधा स्वामी कॉलोनी के पास दौड़ लगाने के लिए ट्रैक बना हुआ है जहां वह दौड़ की तैयारी करता था इसके अलावा वह महर्षि दयांनद खेल स्टेडियम में दौड़ लगाने के लिए जाता था, लेकिन वीरवार को दौड़ लगाने के लिए निकला विनय घर नहीं लौटा। उसका फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। परिजनों द्वारा इस संबंध में जहांगीरपुर के तीन युवकों पर उसके अपहरण का शक जाहिर किया गया है। उनमें से दो युवक भी अपने घर से लापता है।

# नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

डॉ. भीम राव अंबेडकर चौपाल जाटव समाज सुधार ट्रस्ट के प्रधान दुलीचंद मंगले ने जटिया मोहल्ले में नाली निर्माण में अनियमिताएं बरतने का आरोप लगाया है। दुलीचंद मंगले ने नगर परिषद बहादुरगढ़ व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने बताया कि करीब एक महीने पहले बहादुरगढ़ नगर परिषद द्वारा जटिया मोहल्ले में नाली बनाने का कार्य किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने नाली निर्माण का कार्य सही से नहीं किया है।

आरोप है कि ठेकेदार ने नाली बनाते वक्त लेवल का ध्यान नहीं रखा। कहीं पर नाली को ऊंचा तो कहीं पर नीचा कर दिया गया। नाली में हमेशा गंदा पानी भरा रहता है जिससे लोगों के मकानों में सीलन की समस्या उत्पन्न हो गई। पानी मकान की नींव में जा रहा है, जिससे मकानों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। नाली निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और नियमित सफाई कराई जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

# सोनू जॉन को मिलेगा फिटनेस अचीवर्स अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- बॉडी-बिल्डिंग और फिटनेस मॉडलिंग के क्षेत्र में सोनू दिखा रहे प्रतिभा
- हिमाचल में किया जाएगा सम्मानित

बॉडी-बिल्डिंग और फिटनेस मॉडलिंग के क्षेत्र में प्रतिभा दिखा रहे बहादुरगढ़ के निवासी सोनू जॉन को हिमाचल में सम्मानित किया जाएगा। वहां उसे फिटनेस अचीवर्स अवॉर्ड दिया जाएगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए सोनू जॉन ने बताया कि आगामी दो जून को हिमाचल प्रदेश में उना-नांगल हाइवे स्थित एक होटल में फिटनेस अचीवर्स अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। बकौल सोनू, इस सम्मान के लिए उन्हें भी चुना गया है। वह अब तक तीन बार मिस्टर वर्ल्ड, तीन बार मिस्टर एशिया, 42 बार नेशनल, 12 बार मिस्टर नॉर्थ, पांच बार मिस्टर उत्तर प्रदेश, 17 बार मिस्टर हरियाणा व दस बार मिस्टर दिल्ली प्रतियोगिता में मेडल जीत चुके हैं। अवॉर्ड के लिए चयनित होन पर उन्होंने आयोजक पाकलू ताईपोड़िया, अभिषेक खत्री और अपने कोच रोहित साहू सहित बहादुरगढ़ क्षेत्रवासियों का आभार जताया है। सोनू का कहना है कि अभी वह रुकने वाले नहीं है। उनका सिलेक्शन मुंबई में सितंबर माह में प्रस्तावित मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहां जीत दर्ज करने के लिए वह पसीना बहा रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** तमाम प्रतियोगिताओं में मिले उपहारों के साथ सोनू जॉन। फोटो : हरिभूमि

# बढ़ती गर्मी से लोग परेशान तापमान पहुंचा 44 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मई माह के मध्य में ही गर्मी चरम पर पहुंच रही है। तापमान लगातार बढ़ रहा है। वीरवार की दोपहर को इलाके में 44 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। सीजन का यह अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। दोपहर के वक्त लू के थपेड़ों ने भी लोगों को खूब परेशान किया। अगले सप्ताभर तक तापमान और बढ़ने की संभावना है।

दरअसल, मई माह की शुरुआत से ही तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। बुधवार तक तापमान 42 डिग्री पहुंच गया था। वीरवार की सुबह ही तेज धूप खिल आई थी। फिर जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ा तो तापमान में भी बढ़ोतरी होती चली गई। दोपहर चार बजे लगभग 44 डिग्री पर पहुंच गया। केवल अधिकतम ही नहीं बल्कि न्यूनतम तापमान में भी अंतर देखने को मिला। आगामी 24 मई तक गर्मी में इसी तरह बढ़ोतरी होगी। एक्यूवेदर वेबसाइट के मुताबिक, 24 मई तक तापमान 47 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इतना ही नहीं न्यूनतम तापमान भी 35 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इसके बाद तापमान में हल्की गिरावट आएगी। बढ़ रही गर्मी का असर लोगों की दिनचर्या में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। दोपहर के वक्त बाजारों में रौनक कम हो गई है। वहीं लू के थपेड़े भी लोगों को खूब परेशान कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए चिकित्सकों ने भी लोगों को अपना ख्याल रखने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि धूप में कम से कम निकलने की कोशिश करें। और खान-पान का भी ध्यान रखें।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## रातभर बिजली रही गुल, गर्मी में परेशान रहे शहरवासी

- बिजली के अघोषित कटों से जन-जीवन प्रभावित, कामकाज पर भी पड़ रहा विपरीत असर

**झज्जर।** बुधवार रात शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल रही। जिसके कारण लोगों को रात भर गर्मी ने खूब परेशान किया। करीब चार से पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं होने के कारण इंवर्टर भी दम तोड़ गए। जिसके कारण लोग रात भर बिजली आने का इंतजार करते रहे, वहीं बिजली निगम कार्यालय में फोन करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण भी लोगों को खूब परेशानी हुई। कई क्षेत्रों में बिजली सुबह तीन बजे तो कई क्षेत्रों में चार बजे के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई।

***बिजली के अघोषित कटों ने बढ़ाई परेशानी:*** भीषण गर्मी के बीच लग रहे बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को परेशान किए हुआ है। बिजली आपूर्ति न होने के कारण जहां जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित हो रखा है। वहीं इसका असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। बिजली उपकरण रिपेयरिंग व कंफैक्शनरी संचालक काफी परेशान है। क्यूंकि बिजली के लंबे-लंबे कट लगने के कारण न तो कोल्ड ड्रिंक्स ठंडे हो पा रहे है और आइसक्रीम भी मैल्ट होने लगी है। जिसके कारण दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है।

***400 केवी कबूलपुर पर ब्लैक आउट होने कारण बिजली आपूर्ति रही बाधित:*** बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि गांव कबूलपुर स्थित 400 केवी में ब्लैक आउट होने के कारण झज्जर, माछरौली, मातनहेल, बादली सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## रास्ता रोककर युवक को डंडों से पीटा

**बहादुरगढ़।** मछलियों को दाना डालकर घर लौट रहे एक व्यक्ति पर गाड़ी सवार कुछ लोगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों से उस पर प्रहार किए। हमले में उसे काफी चोट आई। आरोप है कि पिस्तौल दिखाकर उसे व परिवार को मारने तक की भी धमकी दी गई। मामला किसी पुराने विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। घायल की पहचान अमित के रूप में हुई है। अनाज मंडी के निवासी अमित का कहना है कि रोजमर्रा की तरह वीरवार की सुबह भी वह मछलियों को दाना डालने गया था। जब नाला रोड से वापस आ रहा था तो रास्ते में एक गाड़ी उसके नजदीक आकर रुकी। उसमें से तीन-चार युवक बाहर आए और रास्ता रोककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बुरी तरह से मारपीट कीऔर उनके पास पिस्तौल भी थी। हथियार दिखाकर धमकियां दी। आरोपियों ने एक महिला और व्यक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि तुमने जो उनके खिलाफ सेक्टर-6 थाने में शिकायत दे रखी है, उसे उठा लो, अन्यथा जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसके बाद वे सभी फरार हो गए। उधर, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपों और हमले की वजह की सच्चाई अभी तफ्तीश का विषय है।

# प्रत्येक बूथ पर होगी सीसीटीवी की निगरानी सुरक्षा के होंगे तगड़े इंतजामः अरविंद शर्मा

- पूर्व सीएम हुड्डा के पैतृक गांव सांघी में भाजपा सांसद का जोरदार स्वागत, सांसद बोले, परिवारवाद को कर देंगे खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि इस बार आपको डरने की जरुरत नहीं, चुनाव आयोग ने बड़े स्तर पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए हैं, यहां तक कि प्रत्येक बूथ पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी होगी और गडबड़ी करने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। पांच मिनट के अंदर-अंदर कारवाई होगी। उन्होंने कहा कि डरने व घबराने की जरुरत नहीं और पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न होंगे। इसके अलावा सांसद ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा ने तो अपने हलके गढ़ी सांपला किलोई के साथ भी अन्याय किया है और जनता पर्ची-खर्ची को नहीं भूली है। भाजपा ने पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार को खत्म कर पारदर्शीता के साथ पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी दी है।

वीरवार को भाजपा सांसद ने पूर्व सीएम के पैतृक गांव सांघी सहित गढ़ी सांपला किलोई हल्के के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। सांसद ने कहा कि पहले सांपला और फिर रोहतक तक मेट्रो लाना उनका लक्ष्य है, जोकि हर हाल में पूरा किया जाएगा, हरियाणा सरकार ने आसौदा तक तो मेट्रो की मंजूरी कर रखी है और भाजपा सरकार बनते ही इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा और रोहतक तक मेट्रो को लाया जाएगा। सांसद ने कहा कि हरियाणा की जनता सीधा सीधा 152 डी से संत कबीर कुटीर जाना चाहती है ना की दिल्ली होकर जाना चाहती है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि